पत्रांक 15/एम 1–218/98 (अंश –2) 765
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

प्रेषक,

एस0 एम0 करीम,
निदेशक (उच्च शिक्षा)।

सेवा में,

कुलसचिव,
राज्य के सभी विश्वविद्यालय।

पटना, दिनांक 11/04/2015

विषयः– राज्य के विश्वविद्यालयों/अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को 01.01.2006 के पश्चात् पी0एच0डी0/एम0फिल उपाधि प्राप्त करने के एवज में अग्रिम वेतनवृद्धि स्वीकृत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में विभागीय पत्रांक 2051 दिनांक 20.10.2014 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि आपके स्तर से वांछित प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त है। ज्ञातव्य हो कि आपके विश्वविद्यालय में 01.01.2006 के पश्चात् सेवाकाल में एम0फिल0/पी0एच0डी0 उपाधि प्राप्त करने वाले वैसे शिक्षक को जिनकी नियुक्ति स्वीकृत पदों पर विधिवत रूप से हुयी हो तथा जिन्होने यू0जी0सी0 रेगुलेशनों के अधीन पी0एच0डी0 की डिग्री प्राप्त कर लिया है, कि विवरणी उनकी नियुक्ति की तिथि के साथ निम्नांकित प्रपत्र में उपलब्ध कराने का निदेश उक्त पत्र के द्वारा दिया गया है, ताकि उक्त योग्यता के आधार पर उन्हें अग्रिम वेतनवृद्धि की अनुमान्यता की स्थिति में पड़ने वाले आर्थिक बोझ का आकलन किया जा सके। आपसे पुनः अनुरोध है कि निम्नांकित प्रपत्र में वांछित सूचना अंकित करते हुए शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

<u>प्रपत्र</u>

शिक्षक का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तिथि	एम0फिल0 योग्यता प्राप्त करने की तिथि	पी0एच0डी0 योग्यता प्राप्त करने की तिथि

विश्वासभाजन

(signature) 11/04/15
(एस0 एम0 करीम)
निदेशक (उच्च शिक्षा)

Hindi letter 2014